# राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों पर हुई चर्चा

**बैठक**

8 - योजनाओं में बैंकों की भागीदारी के दौरान समस्त बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की



**ऋषिकेश//टीम एक्शन इंडिया**
नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के साथ ही विभिन्न योजनाओं में बैंकों की भागीदारी, लाभार्थियों के प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा हुई। इस संबंध में शैलेंद्र सिंह नेगी नगर आयुक्त नगर निगम ऋषिकेश की अध्यक्षता में समस्त बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई।
सोमवार को आयोजित बैठक में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन तथा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में बैंकों की भागीदारी के संबंध में समीक्षा भी की गई और लाभार्थियों के प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई। बैंकों के माध्यम से नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत सीएस आर में प्रस्तावित की जाने वाले कार्यों पर भी चर्चा की गई तथा प्रस्ताव आमंत्रित किए गए। सभी बैंक प्रतिनिधियों द्वारा उक्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों में होने वाली कठिनाइयों पर अपने बिंदु उठाए गए जिन पर आपसी बातचीत से समाधान किए जाने का निर्णय लिया गया है।
बैठक में चंद्रकांत भट्ट सहायक नगर आयुक्त, वरुण मल्होत्रा सिटी मिशन मैनेजर सहित विभिन्न बैंक प्रतिनिधि उपस्थित हुए।

## कूड़ा डंपिंग जोन का ग्रामीणों ने किया विरोध

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
नगर पालिका परिषद गोपेश्वर की ओर से पोखरी के समीप कूड़ा डंपिंग जोन बनाये जाने का कठूर ग्राम सभा के ग्रामीणों ने विरोध किया है। इस संबंध में सोमवार को ग्रामीणों का एक शिष्टमंडल जिलाधिकारी से भी मिला।
ग्राम प्रधान कठूर लक्ष्मण सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता जयपाल सिंह ऐडवाल, सुनील नाथन बिष्ट का कहना है कि पालिका की ओर से पोखरी बैंड के समीप स्लाइडिंग जोन में कूड़ा डंपिंग जोन बनाया गया है।

# रग्बी प्रतियोगिता के लिए गढ़मीरपुर के 4 बालक और 2 बालिका गांधीनगर रवाना

**प्रतियोगिता**

8 उत्तराखंड प्रदेश के बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग में 12-12 खिलाड़ी का चयन किया गया है।



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गुजरात के अहमदाबाद गांधीनगर में राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। देश के विभिन्न प्रदेशों के खिलाड़ी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। उत्तराखंड प्रदेश के बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग में 12-12 खिलाड़ी का चयन किया गया है।
बालक वर्ग से जनपद हरिद्वार के गांव गढ़मीरपुर से अर्णव चौहान, शिवांश चौहान, प्रज्ञ धीमान, दिग्वांश सेनी, एवं बालिका वर्ग से आरती कुमारी, शगुन कश्यप का चयन हुआ है।
गढ़मीरपुर रग्बी क्लब अध्यक्ष गणपत सैनी ने बताया कि 11 फरवरी की शांम उत्तराखंड रग्बी टीम के सभी खिलाड़ी रुड़की रेलवे स्टेशन से गुजरात के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर गांव गढ़ उप प्रधान राजू गुप्ता, पंडित कालूराम शास्त्री, कोच राहुल गुप्ता, नीरज कश्यप, वंश चौहान, अरुण कुमार, आशु गुप्ता, दिनेश गुप्ता, अभिषेक चौहान, विनीत कुमार, आदित्य कुमार आदि ने खिलाड़ियों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं।

## न्यूज फ्लैश

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज उत्तराखंड दौरे पर, बिपिन रावत की प्रतिमा का करेंगे अनावरण

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज (सोमवार) शाम उत्तराखंड दौर पर देहरादून पहुंचेंगे। वे यहां प्रेमनगर स्थित द टोंसब्रिज स्कूल में देश के प्रथम सीडीएस जनरल स्व. बिपिन रावत की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। रक्षा मंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था है।
रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के तय कार्यक्रम के अनुसार वह शाम चार बजे देहरादून पहुंचेंगे। जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद दोनों यहां से टोंसब्रिज स्कूल जाएंगे। यहां कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रक्षा मंत्री शाम सात बजे नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

### बनभूलपुरा के 120 शस्त्र लाइसेंस धारकों के 127 शस्त्र लाइसेंस निलम्बित

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
हल्द्वानी के बनभूलपुरा में बीती 8 फरवरी को हुई हिंसा के मामले में नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना सिंह ने बनभूलपुरा क्षेत्र के निवासी 120 शस्त्र लाइसेंस धारकों के 127 शस्त्र लाइसेंसों को अग्रिम आदेशों तक निलम्बित कर दिया है। साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल को 24 घंटे के अंदर निलम्बित किये गये शस्त्रों और शस्त्र लाइसेंसों को पुलिस के कब्जे में लेने के आदेश दिये हैं।
इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार ध्वस्तीकरण के लिए चलाये गये अभियान के दौरान उपद्रवियों द्वारा पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर लाइसेंसी शस्त्रों-अवैध घातक हथियारों से हमला किया गया। इन हमलों में 100 से अधिक अधिकारी एवं कर्मचारी चोटिल हुए। इस माले में थाना बनभूलपुरा में 3 अभियोग दर्ज हुए।
इनमें से एक अभियोग अरशद अयूब और अन्य के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148, 149, 307, 395, 323, 332, 341, 342, 353, 427, 436 भादवि व लोक्त सम्पत्ति नुक्सान निवारण अधिनियम-1984 की धारा 3/4 व 7 सीआरएलए एक्ट व विधि विरुद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम की धारा 15 के तहत दर्ज हुआ। वहीं अन्य मामला अज्ञात के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148, 149, 307, 332, 353, 395, 427, 435, उत्तराखण्ड लोक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा 3/4 व 7 सीआरएलए एक्ट के तहत तथा महबूब आलम व अन्य के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148, 149, 307, 332, 353, 435, 427 उत्तराखण्ड लोक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा 3/4 के तहत पंजीकृत किये गये।
इस दौरान थाना बनभूलपुरा के स्थानीय निवासियों ने अपने लाइसेंसी शस्त्रों का दुरुपयोग कर शस्त्र लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन किया और भविष्य में इसी प्रकार सार्वजनिक सम्पत्तियों से अतिक्रमण हटाये जाने का अभियान चलाये जाने पर उनके द्वारा लाइसेंसी शस्त्रों का दुरुपयोग किये जाने की संभावना के दृष्टिगत जिला मजिस्ट्रेट नैनीताल ने कुल 120 शस्त्र लाइसेंस धारकों के 127 शस्त्र लाइसेंसों को अग्रिम आदेशों तक निलम्बित कर दिया है। इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल को 24 घंटे के अंदर निलम्बित किये गये शस्त्रों एवं शस्त्र लाइसेंसों को पुलिस के कब्जे के आदेश दिये गये हैं।

### नाबालिग को ले गया था भगाकर, अपहृता बरामद और आरोपित गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
नाबालिग को भगाकर ले जाने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए अपृहता को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने अपहृता को परिजनों के सुपुर्द करते हुए आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर नाबालिग की तलाश शुरू कर दी। आज पुलिस ने अपहर्ता कोमाहडी चौक भगवानपुर से सकुशल बरामद करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित का नाम सावेज पुत्र स्व. इसरार निवासी कमेसपुर थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर उ.प्र. बताया गया है।

## अनियंत्रित कार की टक्कर से छावनी परिषद की दीवार हुई ध्वस्त

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
नैनीताल नगर में बीती रात्रि एक कार की टक्कर से भवाली रोड पर छावनी परिषद की दीवार ध्वस्त हो गयी।
घटना रविवार रात्रि करीब पौने 11 बजे की है। टवेरा कार संख्या यूके04टीए-3786 तेज गति से अनियंत्रित होकर छावनी परिषद की दीवार से टकरा गई। इससे दीवार ध्वस्त हो गयी। दुर्घटना में कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई है। दुर्घटना के बाद चालक टैक्सी छोड़कर फरार हो गया। इस मामले में पुलिस ने कहा है कि चालक की ओर से नुकसान की भरपाई किये जाने की बात कही गयी है।
मामले में छावनी परिषद की ओर से



अभी पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई गयी है। चालक द्वारा नशे में यह दुर्घटना किए जाने की बात भी कही जा रही है, अलबत्ता गेठिया निवासी वाहन चालक जीवन का कहना है कि एक मोटर साइकिल चालक को बचाने के चक्कर में उसकी कार दीवार से टकरा गयी। तल्लीताल थाना प्रभारी रमेश बोरा का कहना है कि पुलिस शिकायत मिलने पर अपेक्षित कार्रवाई करेगी।

## मुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाने जा रहे कार्यकर्ता गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष कैश खुराना के नेतृत्व में काले झंडे लेकर मुख्यमंत्री का विरोध करने जा रहे युवा कांग्रेस कार्यकताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर खड़खड़ी स्थित पुलिस लाइन ले गई, जहां से बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। गिरफ्तारी से पूर्व कार्यकताओं की पुलिस में नोकझोंक और धक्का मुक्की भी हुई। ललतारौ पुल से ऋषिकुल मैदान तक नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ता जब शिव मूर्ति के पास पहुंचे तो वहां पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोक लिया।
इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कैश खुराना ने कहा कि महिलाओं का शोषण करने वाली भाजपा




सरकार में प्रदेश की बेटी अंकिता भंडारी को न्याय नहीं मिल रहा। सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर हजारों की संख्या में महिलाओं को कार्यक्रम में बुलाया गया है।
हरिद्वार विधानसभा अध्यक्ष तुषार कपिल और जिला उपाध्यक्ष लक्ष्य चौहान ने कहा कि भाजपा कभी भी महिलाओं का सम्मान नहीं करती। उनके शासन में महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहे। युवा नेता नितिन तेश्वर और महबूब आलम ने कहा कि सरकार यूसीसी लागू कर सुर्खियां बटोरने का कार्य कर रही जबकि महिलाओं को धोखे में रखा जा रहा है।
इस अवसर पर तुषार कपिल, शुभम जोशी, समर्थ अग्रवाल, अनिल कपूर, जितेंद्र सिंह, विकास चंद्रा, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्य चौहान, शुभम बर्मन, निखिल सौदाई, महबूब आलम, विकास, अभिषेक, अमित, लक्की महाजन, करण सिंह राना, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष इमरान अली, नईम मलिक, अहसान, मनव्वर, साहबान, अश्विनी, महबूब, नूर आलम, सोनू, वसीम आदि शामिल थे।

## गंगनहर पुलिस ने दबोचा बाइक चोर

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गंगनहर कोतवाली पुलिस ने एक बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर चोरी की बाइक बरामद करते हुए उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।
10 फरवरी को बंदा रोड रुड़की निवासी वसीम ने कोतवाली रुड़की में अपनी बाइक चोरी हो जाने के संबंध में तहरीर देकर अज्ञात के खिलफ मुकदमा दर्ज कराया था।
खुलासे के लिए गठित की पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध विकास कुमार पुत्र राजकुमार निवासी गली नंबर 4



सुभाष नगर कोतवाली गंगनहर हरिद्वार को सोनाली पार्क नहर पटरी के पास से चुरायी गई बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया।

## गंगनहर में बहता मिला चार माह के मासूम का शव

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
चार माह के मासूम बच्चे का शव आज गंगनहर में मिलने से सनसनी फैल गई। बच्चे का शव देख नहर के किनारे लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। मोनू जलवीर ने गंगनहर से शव को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लिया और मामले की जांच में जुट गई है।
रुड़की में गंगनहर से एक 4 माह के मासूम बच्चे का आज सुबह शव मिला। इसके बाद गंगनहर किनारे लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। आशंका जताई जा रही है कि शव पिरान कलियर की तरफ से बहता हुआ आया है।

## गर्लफ्रेंड को प्रपोज करने पर दोस्तों ने ही की थी किशोर की चाकू मारकर हत्या



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
चाकू मारकर किशोर की हत्या के मामले में पुलिस ने मृतक के दोस्त को गिरफ्तार किया है। किशोर के प्रेमिका को प्रपोज करने पर उसकी हत्या को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया है। पुलिस फरार दूसरे आरोपित युवक की तलाश में जुटी है। पिरान कलियर थानाध्यक्ष दिलबर सिंह नेगी ने बताया कि मृतक किशोर की मां आयशा ने तहरीर देकर बताया था कि उसके पुत्र कासिफ को मुराद और सुहैल निवासी रहमतपुर ने रविवार की शाम को दरगाह साबिर पाक के पैतियानी गेट सूरत वालों की खानकाह के पास बुलाकर उस पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी है। पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपित ने पुलिस पूछताछ में बताया की कासिफ से पिछले दो सालों से उनकी दोस्त थी। रविवार की शाम को सुहैल और वह कलियर आकर कबूतरखाने के पास बैठे थे। इस दौरान कासिफ भी वहां पर आ गया। तीनों दोस्त बैठकर बातें कर रहे थे। कासिफ ने प्रपोज डे पर सुहैल की गर्लफ्रेंड को प्रपोज किया था। इस बात को लेकर सुहैल और कासिफ में झगड़ा हो गया और दोनों एक-दूसरे को गाली गलौज करने लगे।

## महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर यज्ञ का आयोजन

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गुरुकुल कांगड़ी सम विश्वविद्यालय के माता लाल देवी यज्ञशाला में आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200वीं जयन्ती के अवसर पर यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के उपरान्त प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
संगोष्ठी के मुख्य अतिथि समविश्वविद्यालय के कुलाधिपति डा. सत्यपाल सिंह ने आनलाइन संगोष्ठी में संबोधित करते हुए कहा कि महर्षि दयानन्द सरस्वती की



200वीं जयन्ती गुजरात के टंकारा में प्रमुख रूप से मनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि महर्षि दयानन्द सरस्वती द्वारा रचित सत्यार्थ प्रकाश को सभी को स्वाध्याय करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सनातनी पद्धति को मानने वाले मदन मोहन मालवीय ने भी अन्तिम समय में सत्यार्थ प्रकाश पढ़ने का प्रचार-प्रसार किया था।
सम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमदेव शतांशु ने कहा कि आज सभागार में जितने भी लोग बैठे है उन सभी को शपथ लेनी होगी कि महर्षि दयानन्द सरस्वती द्वारा स्वरचित महाकाव्य सत्यार्थ प्रकाश को अवश्य पढ़ेंगे। यह पुस्तक वेद वेदांत से परिपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आर्य समाज विचारधारा को आगे बढ़ाना है तो अपने आसपास के लोगों को आर्य समाज के नियमों से जोड़ना होगा। आर्य ही एक हिन्दुत्ववादी विचारधारा है।

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) |
| टेंडर नं. | T-22-TRD-MB-23-24 |
| कार्य का नाम | मुरादाबाद मंडल के दलपतपुर यार्ड में नई जी.सी.टी. के प्रावधान और इसकी कनेक्टिविटी के संबंध में ओ.एच.ई. संशोधन का कार्य। |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 26.02.2024, 15:00 Hrs. |
| कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | रु. 1,36,16,308.94/- (18% GST सहित) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि (रु.) | रु. 2,19,100/- |
| निविदा प्रपत्र मूल्य (रु.) | शून्य |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 60 दिन |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 09 माह |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद। |

सं.: Elect/TRD/MB/2023-24/TN-31 दिनांक: 12.02.2024 466/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सामाजिक गतिविधियों को धरातल तक पहुंचाने में यूथ रेडक्रॉस का अहम योगदानः डा. मुकेश

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तरी हरिद्वार स्थित श्री नंगली बेला आश्रम, भूपतवाला में भारतीय रेडक्रॉस समिति हरियाणा, चण्डीगढ़ के लड़कियों के लिए आयोजित राज्य स्तरीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिवस पर मुख्य अतिथि डॉ. मुकेश अग्रवाल, महासचिव, भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, हरियाणा चण्डीगढ़ ने किया।
इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा. अग्रवाल ने कहा कि रेडक्रॉस विश्व का सबसे बड़ा सेवाभावी संगठन है। बेटियों में सेवा का संस्कार जन्मजात होता है। हमें विश्व कल्याण के लिए इस संस्कार को मजबूत करने की आवश्यकता है। देश की सांस्कृतिक राजधानी हरिद्वार में भारतीय संस्कृति




के अनेक ऐसे सूत्र हैं, जो मानव को मानव की सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने बेटियों से आह्वान किया कि वह रेडक्रॉस सोसाइटी की आजीवन सदस्य बनें और रेडक्रॉस के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। भावी भारत को विश्व में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त करने के लिए बहुत आवश्यक है कि हमारे बच्चे अपनी जड़ों से जुड़े। मानव कल्याण, श्रद्धा, विश्वास, बुजुर्गों की सेवा जैसे आदर्शों को अपने जीवन में लागू करें। हमारे संगठन का मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता जैसे सिद्धांतों में विश्वास है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा संगठन है, जो संकुचित सिद्धांतों में विश्वास रखने की अपेक्षा सार्वभौमिक सिद्धांतों में विश्वास रखता है। वैश्विक शांति के लिए हमारे द्वारा किए जा रहे यह प्रयास अपने आप में अनूठे एवं अनुकरणीय हैं।शिविर निदेशक रोहित शर्मा ने मुख्य अतिथि डा. मुकेश अग्रवाल, महासचिव, भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, हरियाणा का शिविर में पहुंचने पर आभार व धन्यवाद किया। उन्होंने शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की। शिविर के दौरान विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों व टीम को मुख्य अतिथि द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।
इसके अतिरिक्त रिसोर्स पर्सन सुरेंद्र श्योराण, अंजू शर्मा, कपिल व अन्य रिसोर्स पर्सन को स्मृति चिन्ह व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उत्तराखंड रैड क्रॉस के संयुक्त सचिव हरीश ने भी हरियाणा रेडक्रॉस द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों की सराहना की। कैम्प में भाग लेने वाले सभी प्रतिभगियों, चण्डीगढ़ कार्यालय की टीम, नंगली बेला आश्रम, एवं पूर्व केटरिंग के आये हुए प्रतिभागियों का धन्यवाद किया। इसके अतिरिक्त हरियाणा रेडक्रॉस की टीम को भी उनके द्वारा प्रतिभागियों के समन्वय व सेवा के लिए सम्मानित किया।मुख्य अतिथि द्वारा शिविर के दौरान आयोजित की गई प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया।

**Name change**
I KM Sunita Pant D/o Satish Chandera Pant and W/o Anil Joshi R/o Sanjay Colony Avas Vikas, Near Vivekanand School, Haldwani, Nainital, Uttarakhand-263139, have changed my name to Shakshi Joshi




# ₹6900 करोड़ से अधिक लागत की 38 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का भूमि पूजन एवं लोकार्पण

## भूमि पूजन

- **काठगोदाम से नैनीताल मार्ग का 02 लेन पेव्ड शोल्डर सहित चौड़ीकरण का कार्य** — राष्ट्रीय राजमार्ग–109, लम्बाई–33 किमी, लागत ₹ 710 करोड़
- **काशीपुर से रामनगर मार्ग का 04 लेन चौड़ीकरण का कार्य** — राष्ट्रीय राजमार्ग–309, लम्बाई–18 किमी, लागत ₹ 495 करोड़
- **कंगारछीना से अल्मोड़ा मार्ग का 02 लेन चौड़ीकरण का कार्य** — राष्ट्रीय राजमार्ग–309 ए, लम्बाई–35 किमी, लागत ₹ 451 करोड़
- **उडियारी बैंड से कांडा मार्ग का 02 लेन चौड़ीकरण का कार्य** — राष्ट्रीय राजमार्ग–309 ए, लम्बाई–30 किमी, लागत ₹ 349 करोड़
- **कांडा से बागेश्वर मार्ग का 02 लेन चौड़ीकरण का कार्य** — राष्ट्रीय राजमार्ग–309 ए, लम्बाई–20 किमी, लागत ₹ 203 करोड़
- **बागेश्वर में सरयू नदी एवं गोमती नदी पर 02 पुलों का सुदृढ़ीकरण का कार्य** — राष्ट्रीय राजमार्ग–309, लागत ₹ 05 करोड़
- **राष्ट्रीय राजमार्ग 109 पर क्षतिग्रस्त दीवारों का निर्माण कार्य** — राष्ट्रीय राजमार्ग–109, लागत ₹ 04 करोड़

**मंगलवार, 13 फरवरी 2024, दोपहर – 12:00 बजे । स्थान : गाँधी मैदान, टनकपुर (चम्पावत), उत्तराखण्ड**

## लोकार्पण

- **रूद्रप्रयाग एवं चमोली में लमेरी से कर्णप्रयाग तक 02 लेन पेव्ड शोल्डर सहित चौड़ीकरण का कार्य** — राष्ट्रीय राजमार्ग–07, लम्बाई–29 किमी, लागत ₹ 274 करोड़
- **हरिद्वार में दूधाधारी एलिवेटेड फ्लाईओवर का निर्माण** — राष्ट्रीय राजमार्ग–34, लम्बाई–3 किमी, लागत ₹ 181 करोड़

## भूमि पूजन

- **ऋषिकेश से बद्रीनाथ मार्ग पर 63 स्थलों पर भू–स्खलन एवं भू–धंसाव का उपचार कार्य** — राष्ट्रीय राजमार्ग–07, लागत ₹ 1229 करोड़
- **भानियावाला (देहरादून) से ऋषिकेश मार्ग का 04 लेन चौड़ीकरण कार्य** — राष्ट्रीय राजमार्ग–07, लम्बाई–20 किमी, लागत ₹ 742 करोड़
- **उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश राज्य में कोटद्वार बाईपास का निर्माण कार्य** — राष्ट्रीय राजमार्ग–534, लम्बाई–6 किमी, लागत ₹ 692 करोड़
- **खरसोनक्यारी से नौगाँव तक 02 लेन चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य** — राष्ट्रीय राजमार्ग–507, लम्बाई–36 किमी, लागत ₹ 454 करोड़
- **गुमखाल से सतपुली तक 02 लेन पेव्ड शोल्डर सहित चौड़ीकरण का कार्य** — राष्ट्रीय राजमार्ग–534, लम्बाई–21 किमी, लागत ₹ 453 करोड़
- **ऋषिकेश से गंगोत्री मार्ग पर 30 स्थलों पर भू–स्खलन एवं भू–धंसाव का उपचार कार्य** — राष्ट्रीय राजमार्ग–34, लागत ₹ 375 करोड़
- **धरासू से यमुनोत्री मार्ग पर 15 स्थलों पर भू–स्खलन का उपचार कार्य** — राष्ट्रीय राजमार्ग–134, लागत ₹ 193 करोड़
- **रूद्रप्रयाग से केदारनाथ मार्ग पर 06 स्थलों पर भू–स्खलन एवं भू–धंसाव का उपचार कार्य** — राष्ट्रीय राजमार्ग–107, लागत ₹ 101 करोड़
- **रुद्रप्रयाग में 65 मीटर पुरानी सुरंग का पुनर्वास एवं मण्डल से चोपता मार्ग का सुदृढ़ीकरण कार्य** — राष्ट्रीय राजमार्ग–107, 107ए, लागत ₹ 48 करोड़
- **ऋषिकेश में श्यामपुर रेलवे फाटक के निकट बेली ब्रिज के साथ 04 लेन चौड़ीकरण एवं रा0रा0 707 पर कॉजवे का निर्माण कार्य** — राष्ट्रीय राजमार्ग–07, 707, लागत ₹ 07 करोड़
- **रा0रा0 07 पर बल्लूपुर एवं हरबर्टपुर के मध्य 03 सेतुओं का सुरक्षात्मक कार्य एवं रा0रा0 507 पर सड़क सुरक्षा के कार्य** — राष्ट्रीय राजमार्ग–07, 507, लागत ₹ 06 करोड़

**मंगलवार, 13 फरवरी 2024, दोपहर – 02:30 बजे । स्थान : पावनधाम ग्राउण्ड, सर्वानन्द घाट, हरिद्वार, उत्तराखण्ड**

## परियोजनाओं से होने वाले लाभ

- ★ चारधाम मार्गों पर चिन्हित 114 भू–स्खलन स्थलों के उपचार तथा 124 किमी सड़कों के 2 लेन चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण से श्रद्धालुओं, पर्यटकों, आम जनमानस को सुगम एवं सुरक्षित यातायात उपलब्ध होगा।
- ★ काठगोदाम से नैनीताल मार्ग के 2 लेन चौड़ीकरण से पर्यटक नगरी नैनीताल तक बेहतर संयोजकता के साथ पर्यटकों को सुरक्षित यात्रा का लाभ।
- ★ काशीपुर से रामनगर 4 लेन चौड़ीकरण द्वारा जिम कार्बेट नेशनल पार्क की बेहतर संयोजकता।
- ★ दूधाधारी एलिवेटेड फ्लाईओवर तथा श्यामपुर रेलवे फाटक पर बेली ब्रिज के निर्माण से हरिद्वार से ऋषिकेश तक निर्बाध एवं सुगम यातायात उपलब्ध होगा।
- ★ भानियावाला से ऋषिकेश परियोजना द्वारा एयरपोर्ट की बेहतर कनेक्टिविटी तथा मानव एवं वन्य जीव संघर्ष से निजात।
- ★ कंगारछीना से अल्मोड़ा मार्ग के 2 लेन चौड़ीकरण से मानसखण्ड मंदिरों की संयोजकता के साथ–साथ श्रद्धालुओं व पर्यटकों को सुरक्षित यात्रा का लाभ।

cbc 37107/15/0043/2324

## नितिन गडकरी
मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार
के कर–कमलों द्वारा

एवं

## पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
की अध्यक्षता में

### गरिमामयी उपस्थिति

- **जनरल (डॉ.) वी.के. सिंह** (सेवानिवृत्त) — राज्यमंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार
- **अजय भट्ट** — राज्यमंत्री, रक्षा एवं पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार
- **ऋतु खंडूड़ी भूषण** — अध्यक्षा, विधान सभा उत्तराखण्ड
- **सतपाल महाराज** — मंत्री, लोक निर्माण विभाग उत्तराखण्ड सरकार
- **प्रेमचन्द अग्रवाल** — मंत्री, वित्त उत्तराखण्ड सरकार
- **सुबोध उनियाल** — मंत्री, वन उत्तराखण्ड सरकार
- **रेखा आर्या** — मंत्री, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास, उत्तराखण्ड सरकार
- **डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक'** — सांसद (लोकसभा)
- **तीरथ सिंह रावत** — सांसद (लोकसभा)
- **माला राज्य लक्ष्मी शाह** — सांसद (लोकसभा)
- **अजय टम्टा** — सांसद (लोकसभा)
- **गिरीश चन्द्र** — सांसद (लोकसभा)
- **डॉ.एस.टी. हसन** — सांसद (लोकसभा)
- **अनिल बलूनी** — सांसद (राज्यसभा)
- **नरेश बंसल** — सांसद (राज्यसभा)
- **डॉ. कल्पना सैनी** — सांसद (राज्यसभा)

### माननीय विधानसभा सदस्यगण

बंशीधर भगत । फकीर राम टम्टा । दीवान सिंह बिष्ट । त्रिलोक सिंह चीमा । सरिता आर्या । सुरेश गड़िया । पार्वती दास । मनोज तिवारी । मदन सिंह बिष्ट । मदन कौशिक । मुन्ना सिंह चौहान । महन्त दलीप सिंह रावत । सहदेव सिंह पुंडीर
दुर्गेश्वर लाल । किशोर उपाध्याय । प्रीतम सिंह । शैला रानी रावत । राजेन्द्र सिंह भण्डारी । प्रीतम सिंह पंवार । संजय डोभाल । सुरेश सिंह चौहान । भरत सिंह चौधरी । विनोद कण्डारी । बृज भूषण गैरोला । तसलीम अहमद । कुंवर सुशांत सिंह

FOR LIVE STREAMING :
www.facebook.com/nitingadkary
https://twitter.com/nitin_gadkari
www.youtube.com/c/NitinGadkariOfficial

FASTag
- लगभग 40 करोड़ घंटे प्रतिवर्ष के अमूल्य समय की बचत
- लगभग 35 करोड़ लीटर प्रतिवर्ष ईंधन की बचत
- लगभग 10 लाख टन कार्बन डाई-ऑक्साइड उत्सर्जन में कमी से पर्यावरण संरक्षण

इसलिए FASTag अपनाएं... और देशहित में अपना योगदान दें...

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

# उत्तराखंड उच्च न्यायालय में पहली महिला मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी ने किया कार्यभार ग्रहण

**शपथ ग्रहण**

**8 राज्यपाल ने उन्हें उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की शपथ ग्रहण करायी थी।**



**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय के लिये सोमवार का दिन इतिहास में दर्ज हो गया है। आज यहां पहली महिला मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी ने ह्यफुल कोर्ट रिफरेंसह्व के साथ कार्यभार ग्रहण कर लिया है। गत दिवस देहरादून स्थित राजभवन में प्रदेश के राज्यपाल सेवानिवृत्त ले. जनरल गुरमीत सिंह ने उन्हें उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की शपथ ग्रहण करायी थी।
इस अवसर पर निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी, महाधिवक्ता एसएन बाबुलकार, हाईकोर्ट बार के अध्यक्ष दिनेश चंद्र सिंह रावत व रजिस्ट्रार जर्नल आशीष नैथानी आदि ने राज्य की पहली मुख्य न्यायाधीश का औपचारिक स्वागत किया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति बाहरी ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वह अधिवक्ताओं को साथ लेकर खुले दिमाग से काम करेंगी। युवा अधिवक्ताओं के नए सुझावों के साथ अनुभवी अधिवक्ताओं के अनुभव भी लिये जाएंगे। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले पर्वतीय क्षेत्रों में जरूरतमंदों को सरलता से न्याय सुलभ कराने के तरीकों पर विचार करेंगी।
इस दौरान उच्च न्यायालय बार के अध्यक्ष डीसीएस रावत ने कहा कि राज्य में महिला सशक्तिकरण का दौर है। राज्य में पहली महिला मुख्य सचिव के साथ नैनीताल की जिलाधिकारी भी महिला हैं। अब मुख्य न्यायाधीश भी महिला होना सुखद है। इस अवसर पर न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी, न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा, न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल, न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित और न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा के साथ पूर्व न्यायाधीश यूसी ध्यानी, आलोक सिंह, बीएस वर्मा, राजेश टंडन, सीएससी चंद्रशेखर रावत, वरिष्ठ न्यायाधीश अवतार रावत, देवेंद्र पाटनी, सैय्यद नदीम मून, डीआईजी योगेंद्र रावत, जिलाधिकारी वंदना, एसएसपी प्रह्लाद मीणा एवं एसडीएम प्रमोद कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# केंद्रीय मंत्री गुर्जर ने 113 से अधिक युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

**लक्ष्य**

**8 लोकसभा चुनाव से पहले देश भर के 10 लाख युवाओं को रोजगार दिया लक्ष्य रखा गया है।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
केंद्रीय मंत्री केपी गुर्जर ने सोमवार को रोजगार मेले में विभिन्न केंद्रीय सेवाओं में चयनित 113 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले देश भर के 10 लाख युवाओं को रोजगार दिया लक्ष्य रखा गया है। सोमवार को सीम द्वार स्थित भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल सीमा द्वार में रोजगार मेला 2024 में बतौर मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्य मंत्री, विद्युत एवं भारी उद्योग मंत्रालय कृष्ण पाल गुर्जर ने यह बातें कहीं।
केंद्रीय मंत्री गुर्जर ने विभिन्न केंद्रीय सेवाओं में चयनित 113 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस दौरान उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार का लक्ष्य है कि लोकसभा चुनाव से पहले देश भर के 10 लाख युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। चयनित युवाओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा और उसके बाद उनकी तैनाती की जायेगी।

## अब तिकोनिया से हो रहा केमू का संचालन

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
केमू स्टेशन कर्फ्यू क्षेत्र के नजदीक होने से बसों का संचालन नैनीताल रोड स्थित तिकोनिया से किया जा रहा है। पर्वतीय मार्गों में रोडवेज की बसें नाममात्र की संचालित होने से केमू ही अधिकांश रूटों पर सवारियों को लेकर रवाना होती हैं। इसके लिए प्रबंधन रोजाना 80 बसों को भेजता है। बाकी शहर से कर्फ्यू हटाए जाने के बाद भी केमू की बसों को स्टेशन से संचालित किए जाने की अनुमति नहीं दी गई है। प्रभावित क्षेत्र से नजदीकी होने पर सुरक्षा कारणों से प्रशासन ने प्रतिबंधित किया है। केमू के अधिशासी निदेशक हिम्मत नयाल ने बताया कि जगह की कमी से बसों का संचालन करना मुश्किल हो रहा है।

# गांव चलो अभियान कार्यक्रम के तहत मंत्री जोशी ने किया संवाद

**जीत के मंत्र**

**8 कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता की जीत के मंत्र भी दिए।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो अभियान कार्यक्रम के तहत सोमवार को मसूरी विधानसभा क्षेत्र के गुनियालगांव स्थित चंद्रोटी शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर संवाद किया। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने गांव चलो अभियान के तहत मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया और बूथ कार्यकर्ता कैप्टन जयराम सिंह के आवास पहुंचकर भोजन किया। उन्हें केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।
मंत्री जोशी राजकीय इंटर कॉलेज गुनियाल गांव पहुंचकर विद्यार्थियों के साथ संवाद भी किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के छात्र-छात्राओं से उनका परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा पे चर्चा और प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को अवश्य सुनने का बच्चों से अपील की। उन्होंने कहा इन कार्यक्रमों के माध्यम से कई रोचक जानकारी प्राप्त होती है। उन्होंने 10वीं और 12वीं के छात्र छात्राओं को आगामी बोर्ड परीक्षा के लिए शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने कहा 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवा मतदान का अवश्य करें। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता की जीत के मंत्र भी दिए। उन्होंने विद्यालय के लिए विज्ञान भवन और पुस्तकालय, शौचालय निर्माण की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि आज विश्व के पटल पर भारत का मान बढ़ाने का कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री न मोदी के कुशल मार्गदर्शन और प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में अंतिम छोर पर खड़े पात्र लोगों को भी सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। इस मकसद से भाजपा चलाए गए गांव चलो अभियान से ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे लोगों को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी मिलने के साथ-साथ योजना का लाभ भी उठा पाएंगे।
इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक पुंडीरए बूथ अध्यक्ष किशन सिंह पुंडीर, शक्ति केंद्र संयोजक लक्ष्मण रावत, ग्राम प्रधान सीता देवी, कैप्टन जयराम सिंह, योगेश बिष्ट, मनदीप सिंह, मदन सिंह, अनुराग, महेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### हल्द्वानी के बनभूलपुरा बवाल के 25 दंगाइयों का मेडिकल कराने अस्पताल लाई पुलिस

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
हल्द्वानी के बनभूलपुरा बवाल के 25 दंगाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके बाद आज पुलिस उन्हें बेस हॉस्पिटल लेकर आई, जहां उनका मेडिकल कराया जा रहा है। इसके बाद सभी दंगाइयों को कोर्ट में पेश किया जाएगा।
गौरतलब है कि 8 फरवरी को दंगाइयों ने बनभूलपुरा में पत्थरबाजी, गोलीबारी, आगजनी और मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। इसके बाद से पुलिस लगातार दंगाइयों के धरपकड़ कर रही है। आज पुलिस टीम 25 दंगाइयों को लेकर बेस अस्पताल मेडिकल कराने पहुंची तो इस दौरान वहां मीडिया से लेकर अस्पताल कर्मियों और जनता की भीड़ एकत्र हो गई। इस पर पुलिस ने भीड़ को पीछे हटाया। अब दंगाइयों का मेडिकल कराया जा रहा है। इसके बाद सभी दंगाइयों को कोर्ट में पेश किया जाएगा। दूसरी ओर आज बाजार में चहल-पहल देखने को मिली।

### अग्निवीर योजना : भर्ती नामांकन 13 फरवरी से शुरू होगा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
अग्निवीर योजना के तहत भारतीय सेना में महिला सेना पुलिस, हवलदार सर्वेयर ऑटो कार्टोग्राफर, सिपाही फार्मा, नर्सिंग असिस्टेंट और नर्सिंग असिस्टेंट (पशु चिकित्सा) के लिए भर्ती नामांकन 13 फरवरी से शुरू होगा और 22 मार्च तक चालू रहेगा।
एआरओ, लैंसडौन ने बताया कि इस वर्ष से भर्ती प्रक्रिया में सुधार करने के लिए कई नए उपाय शामिल किए गए हैं। इनमें सशस्त्र सेनाओं में चुनौतीपूर्ण माहौल के लिए उम्मीदवारों की उपयुक्तता का पता लगाने के लिए एक नई अनुकूलन क्षमता परीक्षा शामिल है। इस परीक्षा को भर्ती रैली के हिस्से के रूप में शामिल किया जाएगा और मेडिकल टेस्ट से पहले आयोजित किया जाएगा। केवल उन युवाओं को जो इस परीक्षा को पास करते हैं, उन्हें आगे की चयन प्रक्रिया के साथ आगे बढ़ने की अनुमति दी जाएगी।
इसके अलावा, अग्निवीर (कार्यालय सहायक) जिसे पहले अग्निवीर (क्लर्क) के नाम से जाना जाता था,के लिए एक नया टाइपिंग टेस्ट, कंबाइन एंट्रेंस परीक्षा के साथ आयोजित किया जाएगा, जो 22 अप्रैल से शुरू होने की संभावना है। फर्जी उम्मीदवारों को बाहर निकालने के लिए आइरिस स्कैन के रूप में एक नई बायोमेट्रिक सत्यापन प्रक्रिया शामिल की गई है। कार्यालय ने दोहराया है कि युवाओं को केवल अपने आधार से जुड़े मोबाइल नंबरों के साथ पंजीकरण करना चाहिए क्योंकि भर्ती रैली के संचालन के दौरान आधार सत्यापन किया जाएगा। बड़ी संख्या में उम्मीदवार साइबर कैफे के माध्यम से नामांकन करते हैं और बाद में पंजीकरण के लिए उपयोग किए गए ईमेल को भूल जाते हैं।
एआरओ कार्यालय ने कहा है कि आवेदन प्रक्रिया बेहद सरल है और प्रत्येक उम्मीदवार को पंजीकरण के लिए साइबर कैफे पर निर्भर नहीं होना चाहिए। युवाओं को दलालों और नए पुराने कोचिंग सेंटरों से सतर्क रहने की भी सलाह दी जाती है। उन्होंने कहा है कि प्रक्रिया पूरी तरह से स्वचालित है और किसी भी व्यक्ति के लिए चयन को प्रभावित करना असंभव है। भारतीय सेना अग्निवीर योजना के लिए युवाओं की अब तक की प्रतिक्रिया से संतुष्ट है और सभी युवाओं से इस वर्ष के लिए भर्ती अभियान में पूरे दिल से भाग लेने का आह्वान करती है।

### चलती कार का टायर फटा, चपेट में आईं बाइकें, दो की मौत

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
सड़क पर फरार्टा भरती चल रही कार का अचानक टायर फट गया। इससे अनियंत्रित हुई कार ने दो बाइकों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई जबकि कार चालक समेत चार लोग घायल हो गए। मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के नारसन में एक कार दिल्ली से हरिद्वार की ओर जा रही थी। इसी दौरान उसका बायां टायर अचानक फट गया। टायर फटने से कार अनियंत्रित हो गई और उसने दो बाइकों को अपनी चपेट में ले लिया। दोनों बाइकों पर चार लोग सवार थे । इसमें सहेंद्र कटारिया निवासी नगला सलारू की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक सवार तीनों अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हादसे में कार चालक को भी चोटें आई हैं।

# केंद्र सरकार ने बागपत सांसद डा. सत्यपाल सिंह को गुरुकुल कांगड़ी विवि का नियुक्त किया कुलाधिपति



**आभार**

**8 केन्द्र द्वारा लिए गए इस निर्णय का कर्मचारियों ने एक स्वर से स्वागत करते हुए केन्द्र का आभार व्यक्त किया**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित गुरुकुल कांगड़ी सम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति पद पर भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने बागपत सांसद डा. सत्यपाल सिंह को सम विश्वविद्यालय का कुलाधिपति नियुक्त किया है। केन्द्र सरकार के गुरुकुल कांगड़ी का कुलाधिपति नियुक्त किए जाने पर सम विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में हर्ष की लहर है।केन्द्र सरकार द्वारा लिए गए इस निर्णय का सभी कर्मचारियों ने एक स्वर से स्वागत करते हुए केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त किया है। विदित हो कि लम्बे समय से विश्वविद्यालय के कर्मचारी केन्द्र सरकार से विश्वविद्यालय के कुलाधिपति व अन्य अधिकारियों की नियुक्ति किए जाने की मांग कर रहे थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमदेव शतांशु ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा सीधे रूप से विश्वविद्यालय का संरक्षण करने के चलते विश्वविद्यालय में शिक्षा व अनुसंधान के क्षेत्र में नए सुअवसर उपलब्ध होंगे। साथ ही विश्व स्तर पर विश्वविद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहचान मिलेगी।कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि भारत सरकार द्वारा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति के रूप में डा. सत्यपाल सिंह को नियुक्त किए जाने से उनके लम्बे प्रशासनिक अनुभव व सामाजिक क्षेत्र के अनुभव का लाभ विश्वविद्यालय को उन्नति की ओर ले जाने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।इस अवसर पर शिक्षकेत्तर कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष रजनीश भारद्वाज व महामंत्री नरेन्द्र मलिक ने कर्मचारियों में मिठाई वितरण कर भारत सरकार का आभार व्यक्त करते हुए खुशी का इजहार किया।
इस अवसर पर उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. महावीर अग्रवाल, गुरुकुल विद्यालय विभाग के मुख्य अधिष्ठाता डा. दीनानाथ ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रो. श्रवण कुमार शर्मा, प्रो. राकेश कुमार शर्मा, प्रो. राकेश कुमार, प्रो. प्रभात कुमार, प्रो. डीएस मलिक, प्रो. ब्रह्मदेव, प्रो. एलपी पुरोहित, प्रो. विवेक कुमार, डा. योगेश शास्त्री सहित विभिन्न शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त किया।

## घायलों के लिए रक्तदान करेगा पूर्व सैनिकों का सामाजिक संगठन

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
भूतपूर्व सैनिकों की कुसुमखेड़ा स्थित एक बैंक्वेट हॉल में बैठक हुई। इसमें सैनिक जन सेवा समिति के नाम से सामाजिक संगठन का गठन कर सुनील भट्ट को अध्यक्ष चुना गया।
संगठन से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की बात कही। साथ ही वनभूलपुरा बवाल में घायल सुरक्षा कर्मियों व लोगों के लिए रक्तदान करने का निर्णय लिया गया।
बैठक में कैप्टन तेज सिंह, गोविंद सिंह, शंकर सिंह, पूरन सिंह, प्रमोद कर्नाटक, नैन सिंह, होशियार सिंह, हरीश कांडपाल, लीलाधर त्रिपाठी, महेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# घर से लापता हुई युवतियों को पुलिस ने खोजकर परिजनों को सौंपा

**सकुशल बरामदगी**

**8 दोनों युवतियों की सकुशल बरामदगी पर उनके परिजनों ने राहत की सांस ली और आभार व्यक्त किया**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
थाना रानीपुर के अलग-अलग क्षेत्रों से दो युवतियां बिना बताए घर से चली गईं थीं, जिन्हें पुलिस ने ढूंढ़कर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। दोनों युवतियों की सकुशल बरामदगी पर उनके परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस का आभार व्यक्त किया।
पुलिस के मुताबिक बीते 7 फरवरी को थाना क्षेत्र के सलेमपुर निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर देते हुए बताया कि उसकी 19 वर्षीय पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई हैं। अगले रोज 10 फरवरी को ग्राम दादूपुर निवासी व्यक्ति ने भी अपनी 24 वर्षीय पुत्री की गुमशुदगी थाना रानीपुर में दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों युवतियों की सकुशल बरामदगी के लिए दो टीमें गठित कर संभावित स्थानों पर खोज की। काफी प्रयासों के बाद एक युवती को पुलिस ने पौड़ी गढ़वाल से सकुशल बरामद कर लिया।
दूसरी युवती की लोकेशन पुलिस को उ.प्र. के हरदोई जिले में मिली। इस पर तुरन्त एक टीम हरदोई रवाना की गई। किन्तु पुलिस को वहां भी सफलता नहीं मिली। इस पर गहराई से पता लगाने पर आखिरकार पुलिस को युवती के दिल्ली में होने की पुख्ता जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने युवती को दिल्ली के रोहणी इलाके से सकुशल बरामद कर लिया।
पुलिस ने दोनों युवतियों को मेडिकल परीक्षण के बाद उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। अपनी पुत्रियों की सकुशल बरामदगी पर परिजनों ने राहत की सांस ली साथ ही पुलिस का आभार भी व्यक्त किया।

# वन पंचायत सरपंच संगठन ने नौ सूत्री मांगों के लिए किया प्रदर्शन

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के वन पंचायत सरपंच संगठन की ओर से सोमवार को अपनी नौ सूत्री मांगों को लेकर जिला मुख्यालय गोपेश्वर में जुलूस प्रदर्शन किया गया। जिलाधिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा गया।
वन पंचायत सरपंच संगठन की ओर से जिला मुख्यालय की सड़कों पर प्रदर्शन किया गया। संगठन का प्रदर्शन गोपेश्वर बस स्टेशन से होता हुआ जिलाधिकारी कार्यालय में पहुंचा। जहां पर सरपंचों ने धरना दिया। सरपंच संगठन के जिलाध्यक्ष कैलाश चंद्र खंडूरी ने कहा कि एक लंबे समय से वन पंचायत सरपंच अपनी मांगों को लेकर सरकार से लगातार पत्राचार करते आ रहे हैं,



लेकिन उनकी मांगों को अनदेखा किया जा रहा है।
उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में वन पंचायतों की जमीनों पर अवैध अतिक्रमण किये जा रहे है और शासन-प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा है। इससे वन पंचायत की जमीन धीरे-धीरे कम होती जा रहा है। यदि ऐसा ही रहा तो एक समय ऐसा भी आ सकता है कि जब वन पंचायत की जमीन बचेगी ही नहीं। उन्होंने सरकार से मांग की कि अवैध अतिक्रमण को रोकते हुए वन पंचायतों को सशक्त किया जाए ताकि जंगलों को बचाया जा सके और लोगों का जीवन सुरक्षित रह सके।उन्होंने कहा कि सीएम को भेजे गये ज्ञापन में मांग की गई है कि सरपंचों के मानदेय का विधेयक पास किया जाए, नियमावली 1976 के अनुसार पंचायती वन समिति के स्थान पर वन पंचायत सलाहकार समिति लिखा जाए, प्रदेश स्तर पर सलाहकार परिषद का गठन सरपंचों में से किया जाए। वन पंचायतों की रायल्टी का पैसा प्रतिवर्ष खातों में डाला जाए, गांवों में वनाग्नि अवरोधक समिति के अध्यक्ष पद पर ग्राम प्रधान के बजाए सरपंच को बनाया जाए, वन पंचायतों को सुदृढ़ किया जाए, वन पंचायतों का सीमाकंन किया जाए, वन पंचायतों के चुनाव प्रदेश स्तर पर एक साथ किये जाए, प्रत्येक वन पंचायत का भवन बनाया जाए।

# ग्रामीणों ने उठाई मोटर मार्ग निर्मा की मांग, दी चुनाव बहि ष्कार की धमकी

**ज्ञापन**

**8 -बोले, ग्रामीणों मांग पूरी न होने पर लोस चुनाव पोलिंग पार्टी को गांव में नहीं आने दिया जाएगा**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के जोशीमठ विकास खंड के गणाई, कोट, दाडमी, नौली ग्वाड के ग्रामीणों ने जिला निर्वाचन अधिकारी चमोली को गणाई मोटर मार्ग निर्माण की मांग को लेकर सोमवार को एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने चुनाव बहिष्कार की धमकी देते हुए पोलिंग पार्टियों को लोक सभा चुनाव के दौरान गांव में प्रवेश न देने की बात कही है।
गांव के जगदीश प्रसाद, राधेश्याम सती, शिव लाल, बनवारी लाल का कहना है कि देश की आजादी को बीते लंबा अरसा हो गया है लेकिन जोशीमठ विकास खंड के चार गांव के ग्रामीण आज भी सड़क के लिए तरस रहे है। बार-बार गुहार लगाने के बाद भी उनकी मांग पर कोई गौर नहीं किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में खासा रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि जब गांवों को कोई सुविधा मिलनी नहीं है तो ग्रामीण राजनैतिक दलों के लिए सिर्फ वोट बैंक क्यों बने। इसलिए चारों गांवों के ग्रामीणों ने चुनाव के बहिष्कार का निर्णय लिया है। और चुनाव के लिए गांव में आने वाले पोलिंग पार्टी को भी गांव में नहीं आने दिया जाएगा।
इस मौके पर अनीता देवी, विमला देवी, रेखा देवी, संतोषी देवी, दुर्गी देवी, दुर्गी देवी, रजनी देवी, बबीता देवी, गीता देवी, प्रदीप सिंह, मुरली सिंह विक्रम सिंह, कैलाश सिंह रावत, बद्री प्रसाद आदि मौजूद थे।

# देवाल भोजन माताओं ने अपनी मांगों को लेकर किया जुलूस प्रदर्शन

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के देवाल विकास खंड मुख्यालय पर सोमवार को भोजन माता संगठन ने अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर बाजार में जुलूस प्रदर्शन कर खंड विकास अधिकारी के माध्यम से परियोजना के निर्देशक मध्यान्ह भोजन देहरादून एक ज्ञापन भेजा।
जुलूस प्रदर्शन के बाद भोजन माता संगठन के ब्लाक अध्यक्ष कमला रावत की अध्यक्षा में बैठक हुई। संगठन के सचिव गोपाल सिंह गडिया ने कहा कि भोजन माताओं को चतुर्थ श्रेणी में रख कर राज्य कर्मचारी घोषित किया जाय,



न्यूनतम वेतन 26 हजार किया जाए, भविष्य निधि, ईएमआई, सेवानिवृत्त होने पर ग्रेच्युटी और पेंशन, सामाजिक सुरक्षा देने, भोजन माताओं उनके पदों से हटाया जाए, जिन भोजन माताओ को हटाया गया है उन्हें वापस लिये जाने की मांग की गई। बैठक में 16 फरवरी को अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन के आवाहन पर होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल का समर्थन किया गया।
इस मौके पर प्रान्तीय महामंत्री मोनिका, ब्लाक अध्यक्ष कमला रावत, जानकी देवी, कमला देवी, हनी देवी, पार्वती देवी, मुन्नी देवी, सरूली देवी, हरकी देवी, देबुली देवी, देवकी देवी, अनिता देवी, तुलसी देवी, नीमा देवी, कस्तुरा देवी, कोशल्या देवी, रमोती देवी, मधुली देवी, पुष्पा देवी, ममता आदि मौजूद थे।

